# विदर्भ स्वाभिमान

RNI NO. MAHHIN / 2010 /43881


संपादक : सुभाषचंद्र दुबे

प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

www.vidarbhswabhiman.com

❖ अमरावती, गुरूवार 22 से 29 अगस्त 2024 ❖वर्ष :15 ❖अंक- 09 ❖ पृष्ठ 12 ❖ मूल्य - 20/-आरएनआई नं. MAHHIN/2010/43881 पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2022-2024 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार


## बाबूजी के आदर्श विचार



### पूज्य बाबूजी का जीवन सिद्धांत

**दर्द समझने वाला ही अपना**

दुनिया में बहुत कम लोग होते हैं जो लोगों का दर्द समझते हैं. जो बिना कुछ कहे आपके दर्द को समझ ले, उससे बड़ा हितैषी नहीं हो सकता है. जो जिस बात से आपको दुःख होता है, यह जानते हुए भी तकलीफ देने का काम करे, अपना बहुत प्रिय रहे, उसके बारे में क्या कहना चाहिए. परिवार में पिता के जैसे त्याग किसी का नहीं होता है लेकिन उसकी भावनाएं जब नहीं समझी जाती हैं तो उसका दर्द केवल वही समझ सकता है. अपने माता-पिता का सम्मान करो, क्योंकि उनके साथ जैसा करोगे, वैसा ही तुम्हे भी मिलेगा.आपका दिन समाधान कारक और मंगलमय हो.

# डॉक्टरों की सुरक्षा में कोताही बर्दाश्त नहीं

## सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी, नेशनल टास्क फोर्स का किया गठन

**विदर्भ स्वाभिमान,21 अगस्त**

**नई दिल्ली-** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना से जहां पूरा देश सुन्न है और देशभर में डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा मोर्चा निकालकर विरोध किया जा रहा है, महिला संगठनों के माध्यम से लानत भेजी जा रही है और सरकार को कोसा जा रहा है, वहीं देश की सर्वोच्च अदालत ने इस मामले को अत्याधिक गंभीरता से लेते हुए यंत्रणा की विफलता पर चिंता जताई है. साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी है कि दूसरों के स्वास्थ्य की चिंता करने वालों की सुरक्षा के मामले में कोई कोताही



**विदर्भ स्वाभिमान** हमारा क्या है नजरिया

बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सरकार को डाक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है. साथ ही इस तरह की घटना नहीं होने देने की कड़ी चेतावनी भी दी है.

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में डॉक्टर से दरिंदगी को भयावह घटना करार देते हुए देशभर में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के संबंध में संस्थागत विफलता पर चिंता जताई है.शीर्ष अदालत ने कहा कि दूसरों को स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराने वालों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जमीनी बदलाव के लिए देश एक और दुष्कर्म या हत्या का इंतजार नहीं कर सकता.

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का तंत्र स्थापित करने के लिए 14 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स गठित की है. कोर्ट ने डाक्टरों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे समाज और मरीजों के हित में काम पर लौटने की अपील भी की. सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही डाक्टर से दरिंदगी के मामले में एफआइआर दर्ज करने में देरी पर सवाल उठाते हुए बंगाल सरकार को कड़ी फटकार भी लगाई.


**शेष पेज 2 पर देखें**







## विदर्भ स्वाभिमान

शहर के साथ ही जिले के विकास को लेकर आपकी क्या राय है, क्या आप संतुष्ट हैं, मतदाता को किस तरह का नेता अमरावती शहर, सभी विधानसभा सीटों के साथ ही आगामी महानगर पालिका चुनाव के लिए चाहिए, कौन से ऐसे पार्षद हैं, जो विधायक की योग्यता रखते हैं और लोगों का विश्वास जीता है, इस बारे में विदर्भ स्वाभिमान द्वारा पहल की जा रही है. इसमें आप भी जिम्मेदार नागरिक के रूप में सहभागी होकर अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं. लोग ही विकास का अधिकार रखते हैं. सही व्यक्ति को चुनने पर विकास होता है, आप भी शहर विकास के बारे में अपनी राय भेजें, उन्हें प्रकाशित किया जाएगा.

**आपकी राय वाटसअैप नं. 9423426199 पर भेज सकते हैं.**




संपादकीय

# शर्मसार करने वाला है सरकारी यंत्रणा का रवैया

*भारत में सभी डाक्टरों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा कोलकाता में मेडिकल कॉलेज में युवा महिला डाक्टर के साथ बलात्कार तथा हत्या की घटना को लेकर समूचे देश में जबर्दस्त नाराजी व्याप्त है. देशभर में डाक्टरों का मोर्चा निकल रहा है. इस मामले में जिस तरह से पुलिस द्वारा लीपापोती की गई है,उसको लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा जिस तरह का सख्त रवैया अपनाया है और इसके बाद जिस तरह से सरकारी मशीनरी सक्रिय हुई है, उससे मशीनरी पर पूरा भरोसा करना कहीं न कहीं गलती साबित हो रहा है. भावी डाक्टर के साथ बलात्कार और हत्या जैसा निर्मम अपराध होने के बाद भी उसकी लीपा-पोती करने और राजनीतिकरण करने की विभिन्न दलों की मानसिकता भी कम शर्मसार करने वाली नहीं है. घटना को लेकर जिस तरह का रवैया पुलिस का रहा है अथवा इतने दिनों के बाद भी कार्रवाई में ढीलापन किया गया, सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस पर सख्त रवैया अख्तियार करते हुए की गई टिप्पणी काफी कुछ साबित करने वाली है. जब तड़के ही अपराध का पता चल गया था तो माता-पिता को आत्महत्या करने की बात क्यों बताई गई. उन्हें शव देरी से क्यों दिखाया गया, डाक्टर की हत्या और दरिंदगी की प्राथमिकी देर रात दर्ज हुई. प्राथमिकी दर्ज करने में इतनी देर क्यों हुई. कोर्ट के सवाल पर राज्य सरकार के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले एफआइआर अप्राकृतिक मौत की दर्ज हुई थी. पोस्टमार्टम के बाद हत्या की एफआइआर दर्ज हुई.कोलकाता में डाक्टर से दरिंदगी मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा मंगलवार को सख्त टिप्पणी किए जाने के कुछ घंटे बाद ही ममता सरकार ने कोलकाता पुलिस के दो असिस्टेंट कमिश्नर और एक इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया.विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं. यह कार्रवाई आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में 14 अगस्त की रात तोड़फोड़ के मामले में की गई है. इन अधिकारियों के कार्य में लापरवाही पाई गई.बता दें कि आधी रात को बड़ी संख्या में अज्ञात लोगों ने अस्पताल के परिसर में घुसकर उसके कुछ हिस्सों में जमकर तोड़फोड़ की थी. अस्पताल के भीतर व बाहर बड़ी संख्या में पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स की मौजूदगी के बावजूद यह सब हुआ था.यह कम आश्चर्य की बात नहीं है. वैसे भी कानून सबके लिए बराबर वाला जुमला अब मजाक बनने का अनुभव गरीब तथा पहुंच नहीं रखने वाले हर व्यक्ति को आता है.इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए सरकार के साथ ही लोगों में भी जागरूकता जरूरी है. आमतौर पर किसी पर अत्याचार होने और मौत होने पर मोमबत्ती लगाने वाली मानसिकता से उबरते हुए ऐसे बदमाश तत्वों के मन में डर पैदा हो, इस तरह का रवैया सभी को मिलकर निभाने का प्रयास करना होगा. लोगों को भी जहां जरूरत हो वहां बदमाशों को समझाना चाहिए.*

# महान नेताओं में एक श्रीधरराव जवादे



**विदर्भ स्वाभिमान**

मेरी तो खरी-खरी

www.vidarbhswabhiman.com/9423426199

आज नेताओं को लेकर लोगों के मन में काफी नाराजी वाली भावना होती है. लेकिन कांग्रेस ने कई सिद्धांतवाले और जनता को अपार प्रेम करने वाले और जनता का अपार प्रेम पाने वाले नेताओं को भी देखा है. जिन्होंने जीवन में जनसेवा को ही अपना व्रत बना लिया था. उनके लिए धन-दौलत कभी भी जनता से बढ़कर नहीं रही. ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के तत्कालीन नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के करीबियों में एक रहने वाले विदर्भ के सुख्यात नेता भैयासाहब उर्फ श्रीधरराव जवादे. जितने आदर्श नेता थे, उतने ही आदर्श विचारों वाले और जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहने वाले कांग्रेसी नेता के रूप में उनकी ख्याति थे. पद की बजाय जनसेवा और सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं किया. उच्च विद्याविभूषित रहने के साथ ही जनता की सेवा में सब कुछ समर्पित करने वाले तथा पद और प्रतिष्ठा के लिए कभी किसी के साथ विश्वासघात नहीं करने वाले आदर्श नेता के रूप में उनकी ख्याति थी. उनके सुपुत्र आज न केवल अमरावती बल्कि विदर्भ के आदर्श बेटों में शामिल होते हैं. उनकी 102 वीं जयंती पर विनम्र अभिवादन. आज उनके जैसे नेताओं की देश को सचमुच जरूरत है.

श्रीधरराव उर्फ भैय्यासाहेब, बी.ए., एल.एल.बी.तक उच्च शिक्षा प्राप्त की



थी. कांग्रेस के यवतमाल से सांसद रहने के बाद भी कभी भी सरकारी सुविधा का लाभ नहीं उठाया. आज जहां नेताओं में अपना घर भरने की स्पर्धा सी लगी है, वहीं उनके जैसे आदर्श नेताओं ने अपने विचारों और व्यवहार से सदैव कांग्रेस को गौरवान्वीत करने का काम किया.

पिता नाथोबाजी लक्ष्मणराव जवादे ने अपने बच्चों को बचपन से ही आदर्श संस्कार दिए थे.यवतमाल जिले के चहांद गांव में 24 अगस्त को उनका जन्म हुआ था. बचपन से ही मेधावी और प्रतिभाशाली थे. न्यू इंग्लिश हाई स्कूल, नागपुर, गवर्नमेंट मॉरिस कॉलेज, नागपुर, लॉ कॉलेज, नागपुर में उनकी शिक्षा हुई थी. बचपन से ही देश प्रेम की भावना भरी रहने के कारण देश के लिए सदैव कुछ करने का जज्बा था. बचपन से ही आदर्श संस्कार के साथ ही परिवार की एकता की सीख सभी बच्चों को दी.किसान परिवार के सदस्य रहने वाले भैयासाहब जवादे ने 1942 में स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया.

रेलेगाँव ब्लॉक विकास समिति के अध्यक्ष, जिला भूमि विकास बैंक, यवतमाल के निदेशक, 1969-73, यशवंत हाई स्कूल, खैरी, यवतमाल जिले के संस्थापक-अध्यक्ष, ध्यान साधना मंडल, अमरावती के संस्थापक उपाध्यक्ष,अमरावती बार एसोसिएशन के सदस्य, 1949-55, जिला विकास समिति, यवतमाल, 1956-62,महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम के सदस्य थे और बीस सूत्री कार्यक्रम समिति, यवतमाल जिला, गिलानी कला और वाणिज्य महाविद्यालय, घाटंजी पर कार्य किया. उनके 102वीं जयंती पर पावन अभिवादन के साथ ही प्रभु उनकी दिव्य आत्मा को शांति प्रदान कर यही कामना.

**विदर्भ स्वाभिमान,अमरावती.**

# डॉक्टरों की सुरक्षा जरूरी

**पेज 1 से जारी-** कोर्ट ने 14-15 अगस्त की रात अस्पताल में भीड़ के घुसकर उपद्रव करने और अस्पताल की इमरजेंसी व घटनास्थल तक पहुंच जाने पर राज्य पुलिस की नाकामी पर भी ममता सरकार को आड़े हाथों लेते हुए पूछा कि आपकी पुलिस क्या कर रही थी. कोर्ट ने बंगाल सरकार को उपद्रव की जांच के बारे में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है, साथ ही डॉक्टर से दरिंदगी की जांच कर रही सीबीआइ से भी जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी है.कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल और हास्टल की सुरक्षा केंद्रीय बल सीआइएसएफ को दे दी है. इतना ही नहीं शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार को मान्यता देते हुए कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा है कि वह शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शकारियों के विरुद्ध ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगी. इस मामले में कोर्ट 22 अगस्त को फिर सुनवाई करेगा.ये आदेश मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने टास्क फोर्स को विभिन्न मुद्दों पर विचार कर तीन सप्ताह में अंतरिम और दो महीने में अंतिम रिपोर्ट देने को कहा है. पीठ ने कहा कि विभिन्न राज्यों जैसे महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, बंगाल, आंध्र प्रदेश, और तमिलनाडु में स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति हिंसा रोकने और संपत्ति नष्ट करने के लिए कानून हैं. इन कानूनों में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ किसी भी तरह की हिंसा की मनाही है. हालांकि इनमें समस्या के संस्थागत और व्यवस्थात्मक कारणों को रेखांकित नहीं किया गया है. संस्थागत सुरक्षा का स्तर सुधारे बगैर सजा में बढ़ोतरी की समस्या को प्रभावी ढंग से हल करना संभव नहीं होगा.

शीर्ष अदालत ने आदेश में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में सुरक्षा स्तर की खामियों की जमीनी हकीकत का उल्लेख करते हुए कहा कि रात्रि ड्यूटी पर तैनात डाक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों के आराम करने के लिए उचित स्थान नहीं होता. ड्यूटी रूम कम हैं. इंटर्न और रेजीडेंट डाक्टर 36 घंटे की शिफ्ट करते हैं, उनके लिए साफ-सफाई और आराम की समुचित व्यवस्था नहीं होती.

मेडिकल केयर यूनिट में सुरक्षाकर्मियों की कमी रहती है. इन लोगों के हास्टल तक आने-जाने के लिए सुरक्षित ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं होती. और भी कई कारण आदेश में दिए गए हैं और इन सब चीजों को देखते हुए कोर्ट ने नेशलन टास्क फोर्स का गठन किया है जो इन पहलुओं पर विचार करके अपने सुझाव देगी. इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह राज्यों के अस्पतालों में सुरक्षा उपायों पर राज्यों से सूचना एकत्र करेगी और एक महीने में हलफनामा दाखिल कर कोर्ट को बताएगी.

**नेशनल टास्क फोर्स के सदस्य**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले में गठित कृति बल के सदस्यों में सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, डा. एन. नागेश्वर रेड्डी, डा. एम. श्रीनिवास,डा. प्रतिमा मूर्ति,डा. गोवर्धन दत्त पुरी, डा. सौमित्र रावत, प्रो. अनीता सक्सेना,डा. पल्लवी सापले,डा. पद्मा श्रीवास्तव (दिल्ली एम्स के न्यूरोलाजी विभाग की पूर्व प्रोफेसर. अभी पारस हेल्थ गुरुग्राम में न्यूरोलाजी की चेयरपर्सन)कैबिनेट सचिव,केंद्रीय गृह सचिव,सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन के अध्यक्ष का समावेश है. इस घटना को लेकर जबर्दस्त रोष देशभर के डाक्टरों में है. इस घटना को लेकर देशभर में रोष है. क्रेवल रोष से नहीं बल्कि ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जरूरी है.

विदर्भ स्वाभिमान
आरएनआई नं. MAHHIN/2010/43881

यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbh.swabhiman@gmail.com,www.vidarbhswabhiman.com

# बाग्लादेश बार्डर पर बीएसएफ ने बढ़ाई सतर्कता, घुसपैठियों पर कार्रवाई तेज



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के जलपाईगुड़ी सेक्टर के अंतर्गत चंगराबांधा सीमा चौकी (बीओपी) के पास एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक. सीमा पर अत्याधिक सतर्कता बरती जा रही है.

**विदर्भ स्वाभिमान, 21 अगस्त**

**नई दिल्ली-**सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के जलपाईगुड़ी सेक्टर के अंतर्गत चंगराबांधा सीमा चौकी (बीओपी) के पास एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया- पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक की पहचान मसूद रहमान (18 वर्ष) के रूप में हुई है और वह भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था. बांग्लादेश में सत्तापलट के बाद जिस तरह से हिन्दुओं पर अत्याचार किया जा रहा है, उसको लेकर पूरे देशमें जबर्दस्त नाराजी की लहर है. ऐसे में सीमा सुरक्षा बल द्वारा सीमा पर कड़ी चौकशी बरती जा रही है. विज्ञप्ति में कहा गया है, '21 अगस्त, 2024 को लगभग 2205 बजे, पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के जलपाईगुड़ी सेक्टर के अंतर्गत बीओपी चंगराबांदा के जवानों ने एक बांग्लादेशी नागरिक मसूद रहमान (18 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय अजीजुल रहमान, निवासी गांव कागजीपारा, थाना गंगाचारा, जिला रंगपुर (बांग्लादेश) को उस समय पकड़ा, जब वह बांग्लादेश से भारत की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था-' विज्ञप्ति में कहा गया है, 'तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ- जब्त मोबाइल फोन के साथ पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक को मेखलीगंज पुलिस थाने को सौंप दिया गया-'

इसके अलावा, 17 से 21 अगस्त 2024 तक बीएसएफ उत्तर बंगाल फ्रंटियर द्वारा चलाए गए तस्करी विरोधी अभियानों में 19 मवेशी, 2555 बोतल फेंसेडिल, 02 किलोग्राम गांजा और अन्य प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई, जिसकी कीमत 9,38,548 रुपये थी, जिससे उन्हें भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी करने से रोका गया- बीएसएफ उत्तर बंगाल फ्रंटियर राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों को विफल करने और सीमा की अखंडता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है- बांग्लादेशी नागरिक को बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) को सौंप दिया गया है. बीएसएफ ने एक बयान में कहा कि इससे पहले 10 अगस्त को बीएसएफ के जवानों ने मेघालय पुलिस के साथ मिलकर एक जांच चौकी पर सात बांग्लादेशी नागरिकों के साथ दो भारतीय मददगारों को पकड़ा था- बांग्लादेश में चल रही अशांति को देखते हुए, बीएसएफ मेघालय ने बहुस्तरीय प्रभुत्व रणनीति अपनाते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा का आकलन किया है और उसे बढ़ा दिया है- बीएसएफ ने बताया कि भारतीय मददगारों के साथ पकड़े गए सभी अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को आगे की कार्रवाई और कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया. बीएसएफ की सतर्कता से घुसपैठियों में जबर्दस्त भय व्याप्त है. इस मामले में घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाई का मन बना लिया गया है. इससे घुसपैठ रूकी है.

# उप्र पुलिस भर्ती में गड़बड़ी की अफवाह

**लखनऊ-** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस की आगामी 23,24,25 एवं 30,31 अगस्त-24 को होने वाली परीक्षा में सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह अफवाह फैलाया जा रहा है कि भर्ती के प्रश्नपत्र फिर से लीक हो गये हैं. इस मामलें में इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार की तहरीर पर हुसैनगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया. यूपी पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा कराने के लिए विभाग के साथ लखनऊ पुलिस भी कमर कस ली है. सयुक्त पुलिस आयुक्त अमित



वर्मा व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय आर एन सिंह ने प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी है. परीक्षा को लेकर पुलिस ने कड़ी तैयारी की है. इस बार परीक्षा में यदि कोई गड़बड़ी करता पाया गया तो उसके खिलाफ आजीवन कारावास से लेकर एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है.इस बार पुलिस का सारा फोकस सॉल्वर और नकल माफिया पर है. परीक्षा के पहले ग्रैंड रिहर्सल करके कमिश्नरेट लखनऊ की पुलिस ने तैयारियों को अंतिम रूप से परख भी लिया है.81 केंद्रों पर कुल 39072 अभ्यर्थी इस पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले हैं. पुलिस इसे बेहतरीन अंजाम देने कार्यरत है.

# महायुति की उम्मीदवारी लगभग निश्चित

## अमरावती की सीट को लेकर सभी में विशेष दिलचस्पी
## विभिन्न समाज का मिला है सहयोग, मजबूत साबित होंगे

**अमरावती-** कम समय में ही अपने कार्यों तथा समाजसेवा और किसी भी जरूरतमंद की मदद के लिए अग्रणी स्थान प्राप्त करने वाले समाजसेवी नानकराम नेभनानी को महायुति के नेताओं द्वारा अमरावती से मैदान में उतारने को हरी झंडी मिल गई है. इसको लेकर सभी में खुशी की लहर देखी जा रही है. उन्होंने अमरावती में जिस तरह से सर्वधर्म समभाव वाले रवैये पर चलते हुए और बिना किसी विवाद के अपना व्यक्तित्व तैयार किया है, सभी के सुख-दुख के साथी के रूप में कार्य किया है, उसके चलते शहर के हर वर्ग में उनकी अपार लोकप्रियता है. इससे अमरावती विधानसभा सीट आगामी विधानसभा चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण साबित होने औरयहां से ही अधिकाधिक प्रत्याशी मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है.

शहर में अल्प समय में लोकप्रिय होने के साथ ही सर्वधर्म समभाव का जतन करते हुए सभी की मदद के लिए तत्पर रहने वाले पूर्व नगराध्यक्ष रह चुके नानकराम नेभनानी को महायुति की टिकट उन्हें पक्की मानी जा रही है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे



के साथ उनकी करीबी के साथ ही अन्य नेताओं के साथ उनके करीबी संबंध को ध्यान में रखते हुए उन्हें अमरावती विधानसभा से अभी से दमदार प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है. उनकी जीत के लिए हर समाज के लोगों में उत्सुकता दिखाई दे रही है. वैसे भी किसी भी तरह का सामाजिक,धार्मिक अथवा अन्य कोई कार्यक्रम हो, वे सदैव मदद को तत्पर रहते हैं. उनके इसी स्वभाव के कारण उन्होंने हजारों मित्र परिवार तैयार किया है. कार्यकर्ताओं की समर्पित फौज और उनकी सेवाभावना के कारण ही न केवल शहर बल्कि जिले में वे बेहतरीन नेता के रूप में आगे आ रहे हैं. वैसे भी अमरावती सीट के लिए कांग्रेस में भी घमासान रहने की संभावना है. नेभनानी ने विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए कहा कि वरिष्ठ नेताओं के आदेश का वे वे पालन करेंगे. शहर की सीट से सुलभा खोड़के, डॉ. सुनील देशमुख, मुस्लिम समाज द्वारा भी अपने उम्मीदवार को लेकर जो आक्रामक रवैया अख्तियार किया जा रहा है. उसके कारण इस बार अमरावती और बडनेरा विधानसभा सीट को लेकर पूरे महाराष्ट्र में चर्चा है. नानकराम नेभनानी ऐसे नेता हैं, जिन्होंने व्यवसाय के साथ ही सामाजिक,धार्मिक तथा अन्य कामों में सदैव योगदान देते हुए तेजी से अपार लोकप्रियता हासिल की है.सर्वधर्म समभाव का पालन करने वाले नेता के रूप में नानकराम नेभनानी आदर्श समाजसेवी,नेता के साथ ही सभी की मदद को दौड़ने वाले व्यक्ति रहने से इसका लाभ उन्हें मिलना लगभग तय है.

# शिवसेना उबाठा की बढ़ी है ताकत, दिखेगी - धाने पाटिल



**अमरावती-** लोकसभा चुनाव में शिवसेना तथा मित्र पक्षों के प्रयासों से जिस तरह से कांग्रेस के बलवंत वानखडे को सांसद चुनने में सफलता मिली है, उसी तरह की सफलता विधानसभा चुनाव में भी शिवसेना उबाठा तथा मित्र दलों को मिलेगी. इस आशय का विश्वास कांग्रेस की जीत में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शिवसेना उबाठा के वरिष्ठ नेता और पार्टी मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत रहने वाले पूर्व विधायक ज्ञानेश्वर धाने पाटील ने किया है. उनके मुताबिक महाराष्ट्र की जनता समझदार है और वह जानती है कि कौन सही और कौन गलत है. यहीकारण है कि शिवसेना द्वारा जब भी जनता के लिए जरूरत पड़ी है तो सबसे आगे आयी है. शिवसैनिकों में अपार लोकप्रियता प्राप्त करने वाले धाने पाटील के मुताबिक नेता और कार्यकर्ता अब समर्पित भाव से पार्टी मजबूती के लिए प्रयास कर रहे हैं. निश्चित तौर पर इसका परिणाम दिखाई देगा.

विधानसभा चुनाव में राज्य में सत्ता परिवर्तन होने और बडनेरा तथा अमरावती की सीट सबसे अधिक महत्वपूर्ण साबित होने की बात कही. विदर्भ स्वाभिमान के साथ बातचीत में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब बच्चों को बेहतरीन शिक्षा दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने वाले ज्ञानेश्वर धाने पाटील ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज सभी को साथ लेकर चलते थे. देश के प्रति उनमें जहां अपार प्रेम था, वहीं दूसरी ओर सर्वधर्म समभाव से ही किसी भी राष्ट्र का कल्याण होने का उनका ठाम मत था.धाने पाटील ने कहा कि जिले में शिवसेना तेजी से मजबूत हो रही है और इस बार जिले में गठबंधन का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहने वाला है.

# स्वार्थी व्यक्ति से सदैव सावधान रहें,वह किसी का नहीं होता

## पूज्य प्रदीप मिश्रा क़ा मत, बुराई सदैव बढ़ाती है जीवन में मुसीबत, बचने का प्रयास करें



विदर्भ स्वाभिमान

### अपनों को कभी धोखा नहीं दें,बड़ी तकलीफ

श्री विठ्ठलेश सेवा समिति के प्रमुख और अंतराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पंडित प्रदीप मिश्रा के मुताबिक जीवन में जो लोग तुम्हे दिल से चाहते हैं, ऐसे लोगों के साथ छल कभी नहीं करना. क्यों कि इस तरह काछल भगवान भी बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं. किसी के काम आ सको तो आओ, अगर नहीं आ सकते हो तो किसी को अपने व्यवहार, अपनी वाणी से कभी दुख नहीं पहुंचाना. जीवन में इतना भी कर सके तो बड़ा पुण्य संचय हो जाएगा, मुसीबतों से वैसे ही भोले बचा लें गे.

क़हते हैं कि जिस तरह कीचड़ में पत्थर मारने पर उसका गंदा हिस्सा हमारे शरीर पर गिरता ही है. उसी तरह बुरा काम करने वाले को कभी इससे राहत नहीं मिलती है. इसलिए जितना संभव हो सके मनुष्य जीवन का उपयोग अच्छे कामों में करते हुए जीवन संवारना चाहिए. हम भाग्यशाली हैं कि हमें भारत में जन्म का अवसर मिला है. इतना ही नहीं तो जब हम किसी के बारे में अच्छा सोचते हैं और करने का प्रयास करते हैं तो उसका सीधा असर हम पर भी पड़ता है. ऐसा सोचने मात्र से हमारा बुरा नहीं होता है. सभी धर्मों और शास्त्रों में भी सत्कर्म की महत्ता बताई गई है. जो शास्त्र इन्सानियत और मानव धर्म को नहीं मानते हैं, वे शास्त्र हो ही नहीं सकते हैं. उसी तरह जो धर्म दूसरे धर्म को नीचा दिखाने और अन्य धर्मीयों के बारे में अच्छी सोच नहीं रहखता है वह धर्म हो ही नहीं सकता है. मानव जीवन में ही प्रभु ने हरि सुमिरन का विधान किया है. यही कारण है कि मानव जन्म पाने के लिए देवा भी तरसते हैं. लेकिन दुर्भाग्य इन्सान के रूप में जन्म मिलने के बाद भी ज़ब हम बुरे कर्म करते हैं, किसी का मन दुखाते हैं और किसी के दिल को चोट पहुंचाते हैं तो यह भगवान भी बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं. इसलिए जीवन में जितना संभव हो सके, अच्छाईयों का साथ पकड़ते हुए सदैव अच्छी सोच के साथ ही काम करते रहें. ऐसा करने से जीवन किस तरह खुशियों से भर जाएगा, पता नहीं चलेगा. अभिमान का त्याग ही इन्सानियत का पहला मापदंड है. लेकिन आज भाई-भाई के बीच नहीं बन रही है, किसी को पैसे का घमंड है, किसी को पहुंच का घमंड है. लेकिन हम भूल जाते हैं कि मरने के बाद केवल और केवल हमारा स्वभाव ही लोगों को याद रहता है. इसलिए जितना संभव हो सके, इन्सानियत की ज्योति जलाने का प्रयास करें.




## विदर्भ स्वाभिमान

### कमाने का सुनहरा अवसर,विज्ञापन सहयोगी चाहिए

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

**मोबाइल 9423426199/8855019189**



## वार्ड संवाददाता चाहिए

**अमरावती महानगर पालिका क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है. वार्ड की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का फैसला विदर्भ स्वाभिमान ने लिया है. ऐसे में वार्ड स्तर पर संवाददाताओं की नियुक्ति करनी है. समस्या की समझ के साथ ही समाजसेवा में रूचि रखने वाले युवा संपर्क कर सकते हैं. अपने क्षेत्र की समस्याएं आप भी जागरूक नागरिक के रूप में देकर प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं. अपने क्षेत्र में मार्केटिंग के साथ ही विज्ञापन व्यवसाय के माध्यम से बेहतरीन कमाई भी कर सकते हैं. मेहनत करने की तैयारी वाले ही तत्काल संपर्क करें**

**संपर्क**
**छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती**
**मो. 9423426199/8855019189**








## विदर्भ स्वाभिमान

### सदस्य बनें

विदर्भ स्वाभिमान संस्कारों का प्रोत्साहित करने वाला अखबार है. बच्चों के लिए यह ज्ञान का भंडार है. इसकी सदस्यता का अभियान चल रहा है. ऐसे में सदस्य बनने के इच्छुक संपर्क करें. मार्केटिंग करने तथा पेपर बांटने के लिए लड़के चाहिए.

संपर्क
छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती.
मो.9423426199

# संवेदनशील,विकास के समर्थक जननेता घुईखेड़कर

**अमरावती-** जिला परिषद के पूर्व सदस्य और कांग्रेसी नेता प्रवीण घुईखेड़कर सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक कामों में अग्रणी व्यक्ति हैं. जितने बेहतरीन नेता हैं, उतने ही बेहतरीन इंसान है, जो किसी के भी सुख-दुख में सदैव दौड़ो हैं. यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता क्षेत्र में अपार है. घुईखेड से जिला परिषद का नेतृत्व करने वाले प्रवीण घुईखेड़कर को भावी विधायक के रूप में क्षेत्र के नागरिक देख रहे हैं. वे जहां स्वभाव से बेहतरीन और निर्मल हैं, वहीं दूसरी ओर जनता के कामों के लिए प्रशासन के साथ भिड़ने में भी सुस्ती नहीं करते हैं. काम में ही सदैव विश्वास करने वाले लोकप्रिय जननेता प्रवीण घुईखेड़कर के मुताबिक क्षेत्र का सर्वांगीण विकास, जनता की समस्याओं को हल करना ही उनके लिए पहली प्राथमिकता रहती है.

विदर्भ स्वाभिमान के चौदह साल पूरे होने और चौदहवें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि घुईखेड के विकासार्थ करोड़ों रूपए के विकास काम हुए हैं. क्षेत्रवासियों का अपार प्रेम उन्हें सदैव मिला है. जिला परिषद सदस्य के रूप में जहां वे अपार लोकप्रिय हैं, वहीं दूसरी ओर फिलहाल उनकी धर्मपत्नी इस क्षेत्र का नेतृत्व कर रही हैं. उनके मुताबिक लोगों के अपार प्रेम और विश्वास को सदैव पूरा करने का प्रयास करते हैं. अमरावती जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत हैं.उनके मुताबिक क्षेत्रवासियों के अपार प्यार के कारण ही वे जनता के लिए सदैव कुछ करने का प्रयास करते हैं. लोगों का प्यार ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहती है. देश में फिलहाल सर्वत्र समझदारी और एकता की बात का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी के साथ मिलकर जिस तरह से विकास हो रहा है, चंद्रयान-3 इसका उदाहरण है. उनके मुताबिक लोगों के विश्वास को कायम रखने तथा अपने कामों से इसे बढ़ाने का उनका सदैव प्रयास रहता है. प्रवीण घुईखेड़कर की सादगी और किसी से भी घुल-मिल जाने की अदा प्रभावित करती है.करोड़ों रूपए के विकास काम जहां वे मंजूर करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसे प्रलंबित रखने की बजाय सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए विकास कामों को शुरू करने, उसकी गुणवत्ता पर नजर रखने के साथ ही सर्वत्र तेजी से काम जारी रहने से लोगों में भी प्रवीण घुईखेड़कर को लेकर अपार उत्साह व्याप्त है.प्रवीण घुईखेड़कर मुताबिक जनता ने अपार विश्वास से उन्हें सदैव मौका दिया है.इसलिए लोगों के दुःख दर्द को दूर करने, लोगों के जीवन को बेहतरीन बनाना, विकास के काम को बढ़ावा देना, बेरोजगारी, गरीबी जैसी समस्याओं को दूर करने को वे प्राथमिकता देते हैं.उनके मुताबिक लोगों के सर्वांगीण विकास का एकमात्र काम करने का प्रयास वे करते हैं. जिला परिषद सदस्य के रूप में विकास कामों के लिए जिले में सुख्यात प्रवीण घुईखेड़कर की लोकप्रियता के साथ ही विकास के रूप में उन्हें सदैव अपार सम्मान मिलता है.देशवासियों को चंद्रयान 3 की सफलता पर सभी को शुभकामनाएं दी. साथ ही एकता के लिए सहयोग करने को कहा.



## धार्मिक कामों में रहते हैं अग्रणी

प्रवीण घुईखेड़कर का स्वभाव विनम्र तथा सभी की बातों को ध्यान से सुनते हैं. ऐसे में उनका कार्य सदैव अग्रणी रहता है. जिला परिषद सदस्य के रूप में करोड़ों का विकास करने वाले प्रवीण घुईखेड़कर अपार लोकप्रिय नेता के साथ समाजसेवी हैं. लोगों के दुःख दर्द को दूर करने के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं. उनके मुताबिक अंतिम सांस तक जनहित के कामों में स्वयं को झोंकने और मदद का भरोसा दिलाया.

# विदर्भ स्वाभिमान

## महत्वपूर्ण नंबर्स

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112,100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| एसीबी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम स्टायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |


# आपकी 102वीं जयंती पर विनम्र अभिवादन

राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता, यवतमाल के पूर्व सांसद और सेवाभावी, सामाजिक, धार्मिक कार्य में सदैव अग्रणी रहने वाले

## स्व.भैयासाहेब उर्फ श्रीधरराव जवादे



की 102वीं जयंती पर विनम्र अभिवादन

श्रद्धानत

समस्त विदर्भ के मित्र परिवार,

डॉ.जवादे परिवार तथा विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती.

# श्रद्धा फ़ैमिली शॉपिग रहा है ग्राहकों का सदैव चहेता

**ग्राहकों की पसंद और विश्वास को देते हैं सदैव महत्व**

**समर्पित कर्मचारियों के व्यवहार से ग्राहक हमेशा के लिए जुड़ता है**

**विश्वसनीयता के साथ उच्च गुणवत्ता करती है आकर्षित**

**अमरावती-** कुछ ही साल में अमरावती जिले की जनता और ग्राहकों पर राज करने वाले श्रद्धा फैमिली शॉप और माल के सेल में अपार भीड़ उमड़ पड़ी है. ग्राहकों का जहां समाधान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर हजारों की संख्या में ग्राहक इसका लाभ ले रहे हैं. किफायती कीमत, तत्पर सेवा और अन्य खूबियों के कारण यह न केवल जिले बल्कि समूचे देश में अपार लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है.

साल 2006 से ग्राहकों में अपनी अविरत छाप छोडने वाले श्रद्धा फैमिली शॉपिंग एवं मॉल ने हमेशा ही कपडे के व्यापार में आगे बढते हुए ग्राहकों को प्राथमिकता दी है. जिसके कारण समय के साथ विस्तार कर श्रद्धा साडीज से श्रद्धा फैमिली शॉपिंग एवं मॉल तक का सफर तय किया. अब तक की कड़ी मेहनत और सफलता के लिए श्रद्धा फैमिली शॉपिंग एवं मॉल के संचालक हर साल त्योहारों का आनंद लेने हेतु ग्राहको के लिए सेल लगाया जाता है. उसी प्रकार इस साल भव्य खरीदी महोत्सव सेल लगाया गया है, जिसमे 5000 की खरीदी पर 1000 रूपए का शॉपिंग ध्दृद्वड़ण्ड्ढ ग्राहको को दिया जा रहा है, साथ ही लकी ड्रा का कूपन भी दिया जा रहा है, जिसमे ड्ढ डत्त्ड्ढ, ड्ढत्द्ध ड़दृदड्डत्द्यत्दृदठ्ठद्ध, लेपटोप, मोबाइल, द्र ज, फ़्रीज, वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, स्पोर्ट साईकल, गीज़र, आर. ओ, होमेथेटर, स्मार्ट वाच, मिक्सर, कंफर्टर, ब्लैंकेट, आयरन, हेलमेट जैसे गिफ्ट रखे है. इसका लाभ उठाने हेतु श्रद्धा फॅमिली मॉल के संचालको ने ग्राहको से आव्हान किया है.शादी हो या त्यौहार, कोई भी सेलिब्रेशन सबके शॉपिंग की पहली पसंद श्रद्धा फैमिली शॉपिंग एवं मॉल होती है. इस सपने को साल 2006 में गारमेंट की दुनिया में अपना पहला कदम रखा. उस समय सामान्य से लेकर मध्यमवर्गीय परिवार की महिलाओं को किफायती दाम में डिजाईनर साडियों का कलेक्शन उपलब्ध करवाने का निर्णय लेते हुए जयस्तंभ चौक स्थित तखतमल इस्टेट में प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया. उस समय यह प्रतिष्ठान श्रद्धा साडी के नाम से जाना गया. धीरे-धीरे संचालकों की सेवा का विस्तार होता गया. 10 बाय 10 का यह प्रतिष्ठान समय के साथ अपना प्रतिष्ठान रूप बदलने लगा. ग्राहकों की डिमांड पर इस प्रतिष्ठान में साडियों का कलेक्शन भी बढता गया. साथ ही ग्राहकों का विश्वास और गहराता गया.साल 2011 यानी करीब पांच वर्ष बाद श्रद्धा साडीज का बडे शोरूम में विस्तार हुआ. इस विस्तार के साथ श्रद्धा साडीज ने अपना रूप बदलते हुए 5 हजार स्वे. फीट के प्रतिष्ठान का निर्माण किया गया. यहां ग्राहकों को जहां पहले मात्र 500 रूपये तक के वस्त्र मिलते थे. उनकी किमते और समय के साथ स्टाईल भी बदलने लगा. अब महिलाओं को डिजाईनर कलेक्शन के साथ पैठणी, सिल्क साडियां, काजीवरम, बनारसी साडियां भी उपलब्ध होने लगी. साल 2018 में श्रद्धा साडीज के संचालकों ने अपनी का विस्तार पर बोरगांव धमार्ले स्थित कपडों के होलसेल हब बिजीलैन्ड में श्रद्धा साडीज के भव्य शोरूम का शुभारंभ किया. यहां करीब 20 हजार स्वे. फीट में निर्मित प्रतिष्ठान का नामकरण करते हुए श्रद्धा साडीज अब श्रद्धा फैमिली शॉप एवं मॉल के नाम से विख्यात हुई. यहां अब 500 रूपये से लेकर 50 हजार रूपये तक की रेज में महिलाएं, पुरूष और बच्चों के लिए एक ही छत के नीचे आकर्षक और डिजाईनर कपडों का कलेक्शन उपलब्ध करवाया जाता है. केवल यहीं नहीं अब दुल्हा-दुल्हन के लुक को और भी आकर्षक बनाने श्रद्धा फैमिली शॉप में कपडों का वेडिंग कलेक्शन भी रखा गया है. जिसके कारण अब ग्राहकों की श्रद्धा फैमिली शॉप' पहली पसंद बन है.आगामी 2024 में इसका पुनः विस्तार कर भव्य स्वरूप में ढालने का प्रयास है. इससे एक ही छत के नीचे वस्त्र साहित्य की सभी वैरायटी मिलने के साथ ही बेहतरीन खरीदी का आनंद भी आएगा. शोरूम के संचालकों के मुताबिक ग्राहकों का विश्वास ही उनकी कामयाबी का माध्यम है. ऐसे में ग्राहकों को सदैव बेहतरीन देने का प्रयास वे करते हैं. त्यौहारों के सीजन में खरीदी करने का आनंद लेने का आग्रह संचालक पूरण लाल तथा अन्य संचालकों ने किया है.



# मानवता,धार्मिकता से ओतप्रोत हैं प्रदीपभैया रूणवाल

हर रिश्तों में सदैव समर्पित रहने वाले तथा व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदीप रूणवाल ऐसे व्यक्ति हैं, जो सेवाभाव में समर्पित रहते हैं. साथ ही वे किसी की भी मदद को तत्पर रहते हैं. आनंद परिवार के संचालकके साथ ही उन्हें सुदर्शन गांगजी के छोटे भाई के रूप में लोग लक्ष्मण की तुलना करते हैं. मेहनत और समर्पण के साथ ही विनम्रता के त्रिवेणी संगम उन्हें कहा जाता है. 26 अगस्त को उनके जन्मदिन पर विदर्भ स्वाभिमान परिवार की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं.

आनंद एजेंसीज के संचालक के रूप में जहां वे समर्पित व्यवसायी के रूप में आनंद एजें सीज को आगे बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आदर्श पार्टनर कैसे होना चाहिए, इसका उदाहरण वे साबित हो रहे हैं. सभी के दिलदार यार और मानवसेवी कामों में समर्पित व्यक्ति प्रदीप रूणवाल जैन. उनकी खूबियों को शब्दों में बखान नहीं किया जा सकता है. लेकिन सभी को चाहने और आत्मीयता

**जन्मदिन 26 अगस्त पर विशेष**

की उनकी अदा ही अलग है. पिछले दस साल से भैया से परिचय होने केबाद उनकी आत्मीयता, उनकी सादगी, उनकी मित्रता की अदा के साथ ही मेहनत, लगन और समर्पण जैसी खूबियां अनुकरणीय हैं.

वे कहते हैं कि जीवन प्रभु का उपहार है. जितना संभव हो सदैव अच्छा करने की कोशिश करनी चाहिए. जब हम अच्छा सोचते हैं और करते हैं तो प्रभु भी हमारा बुरा नहीं होने देते हैं. मानवता की सेवा और दयाभाव उनमें कूट-कूटकर भरा है. धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक पहुंच के बाद भी उनकी सादगी प्रभावित करने वाली होती है.आनंद परिवार के प्रमुख सुदर्शन गांग बताते हैं कि प्रदीप काम में समर्पण के साथ ही माता-पिता का भक्त है. परिवार की एकता के साथ ही छोटे भाई से उसका प्रेम अन्यों के लिए किसी आदर्श से कम नहीं है. मित्रता किस तरह निभानी चाहिए और सादगी के साथ ही विनम्रता किस तरह होनी चाहिए, इसकी परिभाषा प्रदीप जैन को वे मानते हैं. वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें, गोविंदा की कृपा उन पर बनी रहे, स्वस्थ रहें,मस्त रहें, प्रभु चरणों में यही कामना.







सेवाभावी गोविंद कासट मित्र मंडल के वरिष्ठ सदस्य, सभी के चहेते, हमारे प्रिय तथा सेवा,समर्पण और धार्मिकता में अग्रणी

**प्रदीप रूणवाल**

(जैन)

को जन्मदिन 26 अगस्त की मंगलमय हार्दिक

**शुभकामनाएँ**

-शुभेच्छुक-

अरूण कड्डू, सुदर्शन गांग,आनंद परिवार तथा प्रदीप जैन मित्र परिवार, विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती.

महिलाओं को नमन और सम्मान

विदर्भ स्वाभिमान

नारी तू ही नारायणी

सदस्यता पंजीयन शुरू

विदर्भ स्वाभिमान नारी युवा मंच की सदस्यता पंजीयन का अभियान आरंभ हो गया है. आप भी फार्म भरकर सदस्य बनकर अपनी खुशियों को बढ़ाने का काम कर सकती हैं. सदस्य बनने के लिए कार्यालय में संपर्क करें.

मो. 8855019189

9518528233




महेश साहू अध्यक्ष, श्री बालाजी मंदिर संस्थान, अमरावती,अमरावती के सुख्यात समाजसेवी और धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रणी व्यक्तित्व.

# दिल का साफ,मन अति सुंदर रहने पर सब कुछ अच्छा ही होता है

## समाजसेवी हेमंतकुमार पटेरिया का मत



**विदर्भ स्वाभिमान, 21 अगस्त**

जीवन में मन अति सुंदर रहने पर कई समस्याओं का समाधान होता है. यही कारण है कि जिनका मन सुंदर रहता है, उन्हें तकलीफ होती है लेकिन वे इतने विशाल दिल के होते हैं, उनके दिल में कभी किसी के प्रति सौतेला व्यवहार नहीं होता है. इसलिए हम यात्री हैं यह सोचकर सदैव जीना और आनंद में रहना चाहिए. इस आशय का मत समाजसेवी हेमंतकुमार पटेरिया ने किया. विदर्भ स्वाभिमान को 15 वें वर्ष में पदार्पण पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उत्तरोत्तर प्रगति का आशिर्वाद दिया.एक इन्सान के रूप में जब किसी पीड़ित इन्सान की मदद करते हैं तो होने वाली खुशी का अंदाज नहीं लगाया जा सकता है. इसका अनुभव करने के बाद ही मिलता है. इस आशय का मत समाजसेवी हेमंतकुमार पटेरिया ने किया. जन्मदिन 26 अगस्त के उपलक्ष्य में विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जिंदगी खुशी का ढेर है और दुखों का सागर है. लेकिन कौन इसे किस रूप में लेता है, इस पर जिंदगी की खुशियां और गम निर्भर रहते हैं. कुछ लोग जिंदगी को भगवान का सबसे बड़ा उपहार मानते हैं, वहीं कई लोगों के लिए जिंदगी खतरनाक अनुभव रहती है. लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो सीताराम सीताराम सीताराम कहिए, जाहि विधि राखे राम ताहि विधि रहिए के सिद्धांत पर जीवन जीते हैं.

खुशी में भी खुश रहते हैं और गम में भी मन को असंतुलित नहीं होने देते हैं.न्यू गणेश कॉलोनी निवासी, ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारी हेमंतकुमार पटेरिया रिश्तों को निभाने वाले व्यक्ति हैं. यही कारण है कि हजारों मित्र परिवार पैदा किया है.उनका कहना है कि हमसे जितना अच्छा बन सकता है, करने का प्रयास करना चाहिए. बाकी कर्ता करविता तो ऊपरवाला ही होता है. सम्पन्नता में भी विनम्रता किस तरह होनी चाहिए, इसका आदर्श उदाहरण पटेरिया परिवार है. जीवनसंगिनी सौ. अनुराधा भाभी समाज के साथ मानवता के काम में जहां लगी रहती हैं, वहीं डाक्टर बेटा और बहू भी माता-पिता के आदर्शों पर चलते हैं. भैया का 26 को जन्मदिन है, हमारी करोड़ों मंगलय हार्दिक शुभकामनाएं, वे स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु की कृपा उन पर सदैव बनी रहे, यही कामना.

# अच्छा किया हुआ कभी बेकार नहीं जाता है

## समाजसेवी डॉ.अबरार अहमद 20 रूपए में मरीजों को दे रहे हैं दशकों से दंत सेवा,लगता है मेला

**विदर्भ स्वाभिमान,21 अगस्त**

**अमरावती-** ज़ीवन ऊपरवाले का उपहार है. ऐसे में हम किसी का अच्छा नहीं कर सकते हैं तो बुरा नहीं करना चाहिए. जीवन में मैं किसी के चेहरे पर हंसी नहीं ला सकता हूं तो किसी के जीवन में आंखों में आंसू लाने का मुझे कतई अधिकार नहीं है. यह कहना है वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. अबरार अहमद का. आज भी 20 रूपए में मरीजों को दंत सेवा देने वाले डॉ. अबरार अहमद को अभी तक दर्जनों पुरस्कार मिल चुके हैं. उनके अस्पताल में मरीजों का मेला लगता है. व्यावसायिक दौर में वे मानवता को सबसे बड़ी सेवा मानते हुए कहते हैं कि प्रभु ने उन्हें किसी का दर्द कम करने की कला दी है तो वे इसका उपयोग गरीबों, जरूरतमंदों की मदद के लिए करते हैं. जीवन में धन-दौलत केवल यहां तक का ही साथी है. आज मरीज उन्हें देवदूत के रूप में मानते हैं.

ज़ीवन में किसी भी रूप में की गई नेकी कभी बेकार नहीं जाती है. इसलिए इंसान जन्म मिला है तो धन-दौलत नीचे रहने तक साथ रहेगी लेकिन नेकी के लिए व्यक्ति सदैव याद किया जाता है. इंसानियत की ज्योति जलाने वाले सदैव रहता है. इसी भाव को रखते हुए दो दशकों का गहन अनुभव रखने के बाद भी 20 रूपए में दंत सेवा देने वाले



डॉ. सैय्यद अबरार सैय्यद मजीद पहले ऐसे चिकित्सक हैं, जिनकी ख्याति पूरे विदर्भ ही नहीं बल्कि पूरे देश में फैल रही है. उनके अस्पताल में मरीजों का मेला लगता है. मरीजों को कम से कम में बेहतरीन सेवा देने के साथ ही 56 वर्षीय डॉ. सैयद अबरार कहते हैं कि ऊपरवाले ने जो कला दी है, उसका सही उपयोग गरीबों और जरूरतमंदों के लिए करने का प्रयास करते हैं. उन्होंने 1994 में बीडीएस पास किया है. इसके बाद से कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. बचपन से ही संवेदनशील और मानवतावादी रहे हैं.


अमरावती ही नहीं बल्कि विदर्भ स्तर के सुख्यात दंत चिकित्सक डॉ. अबरार अहमद पैसों की बजाय इंसानियत को सेवा का सबसे बड़ा जरिया मानते हैं.यही कारण है कि अस्पताल की स्थापना से लेकर अभी तक 20 रूपए में मरीजों को बेहतरीन दंत चिकित्सा सेवा देते हैं. उनके अस्पताल में रोज मेला लगता है. मरीजों के साथ आत्मीयता के साथ ही सदैव बेहतरीन सेवा देने के कारण पड़ोसी जिलों से उनका नाम सुनकर मरीज आते हैं. वे कहते हैं कि जीवन में पैसा बहुत कुछ है लेकिन सब कुछ कदापि नहीं हो सकता है. बचपन से ही माता-पिता के आदर्श बेटे तथा मेधावी छात्र रहे डॉ. सैयद अबरार ने बीडीएस करने के बाद 1995 में नागपुरी गेट अमरावती में दंत अस्पताल शुरू किया. सेवाभाव बचपन वाला ही है. उन्हें अभी तक दर्जनों पुरस्कार मिल चुके हैं. महंगाई में जहां नए डाक्टरों की फीस 500 है, वहीं 26 साल से उनकी फीस केवल 20 रूपए और उपचार बड़ा अस्पताल से भी बेहतरीन करते हैं. पिछले 26 सालों से प्रैक्टिस कर रहे हैं. उनके पास शहर ही नहीं पूरे जिले और बाहर से भी मरीज आते हैं.पूरे विदर्भ में बेहतरीन डाक्टर और बेहतरीन इंसान के रूप में उन्हें जाना जाता है. दिव्यांग मरीजों के साथ ही गरीब बुजुर्गों की हरसंभव मदद करते हैं. सुबह 12 बजे से अस्पताल में मरीजों का रोज मेला लगता है. मरीज उन्हें जहां ऊपरवाले के प्रेम वाला बंदा मानते हैं, वहीं लोकप्रियता में भी आगे हैं. विदर्भ स्वाभिमान को मानवता को समर्पित अखबार बताते हुए 15वें वर्धापन दिन पर शुभकामनाएं दी.साथ ही इस अखबार की प्रगति की कामना की.







डॉ. नीरज मुरके
वैद्यकीय अधीक्षक
डॉ. राजेंद्र गोडे मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल,मार्डी रोड , अमरावती








हेमंतकुमार पटेरिया

**यारों के यार और सेवाभावी व्यक्ति, सेवानिवृत्त कार्यकारी अभियंता,हमारे बड़े भाई साहब**

**हेमंतकुमार पटेरिया**

**को जन्मदिन की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएँ.**
**आप स्वस्थ रहें, मस्त रहें, प्रभु चरणों में यही कामना.**

शुभेच्छुक - हेमंतकुमार पटेरिया मित्र परिवार,
विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती.

# गणेशोत्सव को लेकर बच्चों से लेकर युवाओं में अपार उत्साह

## शहर के साथ जिले में सैकड़ों मंडलों ने करवाया पंजीयन, कार्यकारिणी की भी घोषणा

**विदर्भ स्वाभिमान,21 अगस्त**

**अमरावती-** शहर के साथ ही जिले में गणोशोत्सव को लेकर बच्चों से लेकर बड़ों में अपार उत्साह है. उत्सह के दौरान जिस तरह से बच्चों में गणेश स्थापना से लेकर मंडल में विभिन्न कार्यक्रमों का नियोजन किया जा रहा है और मंडप के साथ ही कार्यकारिणी की घोषणा की जा रही है, उसके मद्देनजर आगामी सप्ताह से शहर में गणेशोत्सव को लेकर भक्तिभाव से लेकर अन्य कार्यक्रमों की संख्या में भी इजाफा होगा. शहर को सांस्कृतिक तथा धार्मिक नगरी के रूप में पहचान रखती है. शहर में सैकड़ों गणेश मंडलों द्वारा गणेशजी की आराधना की जाती है. इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है.कई गणेश मंडलों द्वारा आजादी के बाद से ही गणेशोत्सव मनाया जा रहा है. इन मंडलों द्वारा हर साल विभिन्न आकर्षक झांकी बनाई जाती है. इतना ही नहीं तो मंडलों द्वारा बनाई जाने वाली झांकियों को देखने के लिए लाखों की भीड़ जमा होती है. राज्य सरकार ने गणेशोत्सव के पहले सभी रास्तों को चकाचक करने का मानस जताया है.

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में गणेशोत्सव का पर्व शुरू होने से पहले बप्पा के भक्तों के लिए बड़ा ऐलान किया है. मुख्यमंत्री ने राज्यभर में इको-फ्रेंडली गणेशोत्सव मनाने का ऐलान किया है. उन्होंने राज्य के अधिकारियों को गणपति आगमन एवं विसर्जन मार्ग के गड्ढे तत्काल भरने के निर्देश दिए हैं. मुख्यमंत्री ने मुंबई समेत राज्य के तमाम शहरों में कृत्रिम झीलों की संख्या बढ़ाने को कहा है. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने डिप्टी सीएम अजित पवार की मौजूदगी में गणेशोत्सव में जाने वाले गणेश भक्तों को इस साल भी टोल से छूट देने का ऐलान किया है. ऐसे में गणेश उत्सव के दौरान बप्पा के भक्तों को टोल नहीं चुकाना पड़ेगा. राज्य सरकार की तरफ से दी गई छूट स्टेट हाइवे के टोल पर ही लागू होगी. सीएम शिंदे ने सह्याद्रि गेस्ट हाउस में बैठक के बाद एक इको बप्पा नाम का ऐप भी लांच किया. जिसमें गणेश उत्सव से जड़ी तमाम जानकारियां आम लोगों को मिलेंगी.राज्य में गणेशोत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में लोग अपने गांव भी जाते हैं. ऐसे में सरकार के इस फैसले से काफी लोगों टोल नहीं चुकाना पड़ेगा. सीएम ने टोल माफ करने के फैसले की घोषणा करते हुए निर्देश दिया कि बड़े सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों के स्थानों पर स्वास्थ्य टीमों, एम्बुलेंस और दमकल गाड़ियों को तैनात किया जाए. मुख्यमंत्री मुंबई में गणेशोत्सव के अवसर पर कानून व्यवस्था की समीक्षा एवं पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव समारोह को लेकर सह्याद्रि गेस्ट हाउस में बैठक की. मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि राज्य में गणेशोत्सव के आगमन को देखते हुए प्रशासन को आवश्यक अत्यावश्यक कार्यों को प्राथमिकता दे. पिछले वर्ष सार्वजनिक गणेश मंडलों को जो अनुमति दी गई थी, वह इस वर्ष भी जारी रहेगी और उनसे शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए. मुख्यमंत्री ने साफ निर्देश दिया कि गड्ढे भरने में नुकसान पहुंचाने वाले अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. बैठक में बीएमसी के अधिकारी भी मौजूद रहे.

मुख्यमंत्री ने नगर निगम आयुक्तों, कलेक्टरों को राज्य के सभी प्रमुख शहरों में गणपति आगमन और विसर्जन मार्गों पर गड्ढों को भरने के लिए आधुनिक सामग्री रैपिड क्विक सेटिंग हार्डनर-एम सिक्सटी का उपयोग करने का निर्देश दिया.ऐसे स्थानों पर स्वास्थ्य टीमें, एम्बुलेंस, अग्निशमन गाड़ियां तैनात की जानी चाहिए. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि नगर निगम गणेशोत्सव मंडल के स्थान पर तैनात अग्निशमन वाहन के लिए कोई शुल्क न लें.




राजपुरोहित डिजिटल स्टुडियो
शादी-ब्याह का रंग, हमारे संग
आधुनिकतम साज-सज्जा के साथ ही रियायती कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता की विडियो शूटिंग के लिए शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में एकमात्र विश्वसनीय केन्द्र.फोटोग्राफी, विडियो शूटिंग के साथ अलबम के काम किए जाते हैं.
राजपुरोहित फोटो स्टुडियो
कृष्णार्पण कॉलोनी, संत लहानुजी महाराज मंदिर के पास,अमरावती.अमरावती.
मो.9028123251






गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा
शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.
--संपर्क--
प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

सन 1967 पासून
अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट
संजय एजंसीज्
टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.
फोन 2564125,2674048